भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1433

उत्तर देने की तारीख 29 नवंबर, 2019

शुक्रवार, 08 अग्रहायण, 1941 (शक)

बिहार में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्र

†1433. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश में कई केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक बिहार में स्थापित किए गए प्रशिक्षण केन्द्रों की कुल संख्या तथा तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का अधिदेश नहीं है, तथापि यह बिहार सहित पूरे देश में प्रत्यायित और संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों/प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीसी/टीपी) के माध्यम से अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) प्राप्त करने के लिए भारी संख्या में भावी युवाओं को समर्थ बनाती है। इस स्कीम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण संचालित करने के लिए टीसी/टीपी का प्रत्यायन और संबद्धता 'स्मार्ट' (कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन) नामक एकल खिड़की सूचना प्रौद्योगिकी एप्लीकेशन के अंतर्गत किया जा रहा है। 11.11.2019 की स्थिति के अनुसार बिहार राज्य में 458 प्रशिक्षण केंद्रों को प्रत्यायन और संबद्धता प्रदान की गई है।

पीएमकेवीवाई के अंतर्गत बिहार राज्य में जिला-वार सूचीबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

अनुबंध

पीएमकेवीवाई के अंतर्गत बिहार राज्य में सूचीबद्ध टीसी (एसटीटी) की जिले-वार संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	जिला	कुल टीसी (एसटीटी)
1.	अररिया	5
2.	अरवल	7
3.	औरंगाबाद	14
4.	बांका	6
5.	बेगूसराय	7
6.	भागलपुर	13
7.	भोजपुर	11
8.	बक्सर	11
9.	दरभंगा	14
10.	पूर्वी चंपारण	9
11.	गया	20
12.	गोपालगंज	20
13.	जमुई	7
14.	जहानाबाद	7
15.	कैमूर	12
16.	कटिहार	5
17.	खगरिया	5
18.	किशनगंज	4
19.	लखीसराय	6
20.	मधेपुरा	4
21.	मधुबनी	11
22.	मुंगेर	9
23.	मुजफ्फरपुर	28
24.	नालंदा	20
25.	नवादा	12
26.	पटना	47
27.	पूर्णिया	13
28.	रोहतास	15
29.	सहरसा	8
30.	समस्तीपुर	13
31.	सरन	23
32.	शेखपुरा	8
33.	शिवहर	5
34.	सीतामढ़ी	4
35.	सिवान	19
36.	सुपौल	1
37.	वैशाली	22
38.	पश्चिम चंपारण	13
कुल		**458**

****